बेसहारों का सहारा...

"अंकितग्राम"
# सेवाधाम आश्रम
स्थापना वर्ष 1989

॥ मानव सेवा तीर्थ ॥

सेवा - शिक्षा - स्वास्थ्य - स्वावलंबन - सद्भाव

Home for dying destitute, old & disabled.

"Ankitgram"
# Sewadham Ashram
Established Year 1989

उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन का मुख्य सेवा प्रकल्प

Main Project of Ujjaini Senior Citizen's Forum(USCF),Ujjain

## पाक्षिक वृतांत
॥ मानव सेवा, माधव सेवा ॥
## Fortnightly Updates

16 जून से 30 जून 2025

16 June to 30 June 2025



सेवाधाम आश्रम के आराध्यदेव
सद्‌गुरू रणछोड़दासजी महाराज

नमो नमः,

**अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम** की सेवा गतिविधियों की पाक्षिक जानकारी **जून 2025** की आप तक साझा करने का छोटा-सा प्रयास कर रहे है, कृपया हमारे सोश्यल मीडिया प्लेटफार्म से नियमित रुप से जुड़कर, आपके सम्पर्क में सभी साथियों तक उक्त जानकारियों को साझा करने का प्रयास कीजिएगा और **22 जुलाई** से प्रारम्भ हो रहे **वर्षा मंगल महोत्सव** में अवश्य सम्मिलित होकर एक पौधा आपके माता-पिता, गुरूजनों के नाम जरुर लगाए।

## गुरूजनों के आशीर्वाद से हो रहा निरन्तर विकास, आप भी सहयोगी बनें...



आचार्यदेव पद्मभूषण प.पू.
श्रीमद् विजय रत्नसुन्दर सुरीश्वरजी म.सा.



देवर्षि पन्यास पूज्यपाद
श्री वज्रसेन विजयजी म.सा.



आचार्य देवेश परम पूज्य
श्री हेमप्रभ सुरीश्वरजी म.सा.



परमपूज्य यज्ञ सम्राट
स्वामी प्रखरजी महाराज







## जीन शासन की सेवा में सेवाधाम...

**अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम** को निरन्तर जीन शासन की सेवा का सुअवसर प्राप्त हो रहा है, भिलवाडा के सूर्या परिवार कंवरलालजी सूर्या के माध्यम से 85 वर्षिय अति वृद्ध अनेक रोगों से पिडित, क्षमण संघ के वरिष्ठ **श्री श्री प्रकाश मुनिजी महाराज** की सेवा का सुअवसर प्राप्त हुआ, वे सेवाधाम आश्रम में स्थिर निवासरत है। इसी प्रकार पालिताणा के 2 जैन मुनि भगवंतों की सांसारिक मातुश्री की सेवा का सुअवसर भी आचार्य भगवंत विश्वरत्न सागरजी महाराज के माध्यम से प्राप्त हुआ था, वर्तमान में 40 वर्षों तक साध्वियों की सेवा में रत पूरे भारत में विहार कराने वाली मां भी बिस्तरग्रस्त होकर आश्रम में है, जैन साध्वी की सेवा भी 15 वर्षों से की जा रही है...

जीन शासन की सेवा का अद्भुत अनुपम अवसर **सुधीर भाई** को मिला है, जो कहीं पूर्व जन्म के पूण्य कर्मों की पुण्यायी ही है।

# चांदनी मतलानी विद्या विहार

## दिव्यांग बच्चों के समग्र उत्थान हेतु चांदनी मतलानी विद्या विहार का लोकार्पण
















## सेवाधाम जैसी पवित्र जगह पर मतलानी परिवार द्वारा दान का सही सदुपोग किया

**- शंकर लालवानी, सांसद इन्दौर**

**सेवाधाम आश्रम, उज्जैन** की स्वप्न परियोजनाओं में से एक विशेष (दिव्यांग) बच्चों की शिक्षा एवं समग्र उत्थान हेतु **श्रीकिशन मतलानी चेरिटेबल ट्रस्ट, इन्दौर** द्वारा निर्मित **चांदनी मतलानी विद्या विहार** का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि शंकर लालवानी, सांसद, इन्दौर, अध्यक्षता पुरूषोत्तमदास पसारी, कुलाधिपति-श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, इन्दौर, विशेष आतिथि त्रिभुवन सचदेवा, दिनेश मित्तल उद्योगपति, गिरीश मतलानी, श्रीमती चांदनी मतलानी, आकाश मतलानी एवं हर्ष मतलानी परिवार सहित आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने दीप प्रज्वलन कर इन्दौर से पधारे समस्त अतिथियो के समक्ष आश्रम के विशेष बच्चों के साथ बैण्ड बाजे के साथ किया। सुधीर भाई ने बताया कि मतलानी परिवार का दिव्यांगों के प्रति स्नेह ही है कि चांदनी मतलानी के जन्मदिन पर यह सौगात हमें दी थी जो आज आपके समक्ष है।

# चांदनी मतलानी विद्या विहार

## लोकार्पण समारोह की झलकियां



"अंकितग्राम"
सेवाधाम आश्रम
उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन का मुख्य सेवा प्रकल्प

16 जून से 30 जून 2025


# चांदनी मतलानी विद्या विहार

## लोकार्पण समारोह की झलकियां

































# अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के विशेष बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया














**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** के अवसर पर **अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम** परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सदगुरु स्वामी रणछोड़दासजी महाराज के चित्र के समक्ष निरोग रहने के संकल्प के साथ मुख्य अतिथि उद्धव दिवाकर नेरकर सदस्य गौसेवा आयोग महाराष्ट्र, आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल, पुखराज सकलेचा, बड़ावदा, भीमराज शर्मा संस्थापक गौकृति, जयपुर, डॉ.जे.पी. चैरसिया, प्रधानाचार्य एवं डॉ.योगेश वाने एनाटामी विभाग शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन, श्रीमती कांता भाभी एवं गोरी दीदी ने विकास दीप प्रज्वलित किया। आश्रम के दिव्यांग बच्चों द्वारा एक साथ योगाभ्यास कर सूर्य नमस्कार एवं एडवांस योग का प्रदर्शन किया।

## प्रधान न्यायाधीश श्री राजेश कुमार गुप्ता की पहल एवं आदेश अनुसार

# सेवाधाम आश्रम में जिला विधिक सहायता प्राधिकरण द्वारा दिव्यांगों हेतु समग्र, आयुष्मान कार्ड एवं आधार शिविर
















'अंकितग्राम', सेवाधाम आश्रम, उज्जैन में राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला न्यायाधीश उज्जैन के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आश्रम में निवासरत दिव्यांग, बहु दिव्यांग, बिस्तरग्रस्त बच्चों, युवाओं एवं बुज़ुर्ग स्त्री पुरूषों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सुधीर भाई ने बताया यह शिविर विश्व बुज़ुर्ग दुव्र्यव्हार जागरूकता दिवस के अवसर राजेश कुमार गुप्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधि सेवा प्राधिकरण उज्जैन द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त हो इस हेतु यह वृहद शिविर आयोजित कराया, शिविर में 600 समग्र पोर्टल के लाभार्थी पात्र हुए एवं नवीन 29 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर 25 से अधिक जिला विधि सेवा प्राधिकारण, जिला प्रशासन, जिला स्वास्थ विभाग, जनपद पंचायत घट्टिया, तहसीलदार, पटवारी, ग्राम पंचायत अम्बोदिया, आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी आदि ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदत्त किया, प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आधार कार्ड, समग्र एवं आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा...

# अतिथिगणों का आगमन





















कुल प्रवेश – 11

# प्रवेश

## आश्रम में 15 जून से 30 जून में दिए प्रवेश की जानकारी

| अनुशंसाऐं | पुरूष | महिला | बालक / बालिका | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कलेक्टर महोदय जिला इन्दौर की अनुशंसा पर भिक्षुको का प्रवेश | 1 | 4 | 2 | 7 |
| परिवार द्वारा प्रवेशित | 1 | | | 1 |
| बाल कल्याण समिति, उज्जैन एवं सिंगरोली से प्रवेश | | | 2 | 2 |
| बहु दिव्यांग मानसिक विक्षिप्त महिला (आश्रमवासी) द्वारा बालक का जन्म | | | 1 | 1 |
| | | | | 11 |









## नव-प्रवेश





एडिजे श्री हर्ष भदौरिया द्वारा
महर्षि दयानंद बालगृह एवम माँ शारदा बालिका गृह
का निरीक्षण एवम आश्रम अवलोकन



प्रधानाचार्य एवं डा. योगेश वाने एनाटामी विभाग शास.
धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन द्वारा
स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवम औषधि वितरण

## आश्रम परिवार से मुलाकात









आश्रम में निवासरत कैंसर, टी.बी., एच.आई.वी. संक्रामक और
बिस्तरग्रस्त रोगियों हेतु 30 हजार स्के.फीट में निर्माणाधीन
सेवालय की पूर्णता बिना आपके सहयोग के संभव नहीं...

सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें।
Account Name: SEWADHAM ASHRAM
Account number: 038194600000563



# पुर्नवास

**कुल पुर्नवास - 34**

| अनुशंसाऐं | - | पुरुष | महिला | बालक / बालिका | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| महिला एवं बाल विकास विभाग इन्दौर की अनुशंसा पर भिक्षुकों को परिवार में पुनर्वास | - | 6 | 19 | 2 | 27 |
| स्वयं की इच्छा से परिवार में पुन: पुर्नसित | - | 2 | 1 | 1 | 4 |
| पलायन | | | 2 | 1 | 3 |
| | | | | | 34 |



# जीवन परिवर्तन






## दिल्ली के आर्किटेक्ट श्री अभिषेक अग्रवाल ने गृहलक्ष्मी रितु अग्रवाल, मित्र अमोल गोयल एवं कौशल कुमार के साथ जन्मदिन मनाया, खुशियां बांटी, विशेष भोजन कराया





**आपकी सहभागिता इस प्रकार तय की जा सकती है -**

- पूर्ण या अल्प काल के लिए समयदानी के रुप में
- मानवता की सेवा में अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग
- अपने राज्य, संभाग, जिले, नगर, गांव में आश्रम की शाखाओं के माध्यम से मानव सेवा -माधव सेवा के पुनीत यज्ञ में सहभागी हो सकते है...

**सेवा की बात साथियों, मित्रों परिचितों रिश्तेदारों और सोश्यल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर भी आप अभिनन्दनीय कार्य कर सकते है।**

आश्रम में 11 हजार से ज्यादा ईश्वरीय परिवार की सेवा की गयी, वर्तमान में लगभग 1100 बेघर, बेसहारा,सड़क अस्पताल, बस रेल्वे स्टेशन पर पड़े निराश्रित, मरणासन्न, मनोरोगी, दिव्यांग, बहु दिव्यांग, पीड़ित, शोषित, गर्भस्थ पिडिता एवं उनके बच्चों के साथ, 100 वर्ष तक के बुजुर्गों की सेवा का स्थल जहां बिना किसी जाति धर्म, सम्प्रदाय, क्षैत्र, भेद के भारत के सभी राज्यों से ईश्वरीय परिवार के सदस्य है।

बाबा महाकाल की नगरी में आश्रम के द्वार चौबीसों घण्टें आपके आगमन सत्कार के लिए खुले हैं। आश्रम की नित्य आवश्यकताओं और निर्माण, विकास और सेवा कार्यों में सहयोगी हो सकते है। अपनी क्षमतानुसार नवनिर्माण में 2100 /- प्रति स्क्वेयर फीट, आश्रम परिवार की देखभाल, चिकित्सा, शिक्षा, विविध प्रशिक्षण, काउंसलिंग और अन्य कार्यों में सहयोगी हो सकते हैं।

**आश्रम का नवनिर्माण आपके सहयोग से ही निर्भर है, आईये आप और हम मिलकर अच्छी से अच्छी सुविधाओं के लिए हम निरन्तर प्रत्यन करें और हमारे सभी जानने वाले को भी इसकी जानकारी साझा करें।**

सेवाधाम आश्रम को सी.एस.आर., विदेशी सहायता (एफसीआरए) एवं 80जी के अन्तर्गत दान लेने की पात्रता है
**Ujjaini Senior Citizens Forum (FCRA)**
**SBI Ac No. : 40108965039**

सहयोग करने के लिए QR कोड को स्कैन करें। आप चाहें तो सीधे हमारे बैंक अकाउंट (YES BANK) में भी सहयोग कर सकते हैं:
Account Name: **SEWADHAM ASHRAM**
Account number: **038194600000563**

**Facebook:** https://www.facebook.com/ankitgramngo | **Instagram:** https://www.instagram.com/ankitgramngo
**Twitter:** https://twitter.com/ankitgramngo | **Website:** https://ankitgramsewadhamashram.org/
**Linkedin:** https://www.linkedin.com/in/ankitgramngo | **Youtube:** https://youtube.com/@ankitgram?si=EEMREuwcputCIkW_
**वेबसाइट/सोश्यल मीडिया पेज को लाइक करें/फॉलो करें...**